टोक्यो ओलंपकि में भारतीय खलािड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 7 मेडल अपने नाम कएि. भारत ने 1 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य पदकों के साथ ओलंपकि का समापन कयिा है. अब तक ओलंपकि खेलों में यह भारतीय खलािड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है. नीरज चोपड़ा ने इतहिास रचते हुए देश को इस ओलंपकि में पहला गोल्ड मेडल दलिाया. उनसे पहले पहलवान बजरंग पूनयिा ने भी कुश्ती में ब्रॉन्ज जीतकर देश के पदकों की संख्या बढ़ाई. आइए जानते हैं इस ओलंपकि में कनि भारतीय खलािड़ियों ने पदक जीतकर देश का नाम रोशन कयिा.

नीरज चोपड़ा (गोल्ड मेडल)

नीरज चोपड़ा का जन्म हरियाणा के उस जिले पानीपत में हुआ है, जो अपनी तीन लड़ाईयों के लिए मशहूर है। यहां के एक छोटे से गांव खांद्रा में किसान के घर पर 24 दिसंबर 1997 को नीरज का जन्म हुआ। नीरज ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई पानीपत से ही की। अपनी प्रारंभिक पढ़ाई को पूरा करने के बाद नीरज चोपड़ा ने चंडीगढ़ में एक बीबीए कॉलेज ज्वाइन किया था और वहीं से उन्होंने ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की थी।

नीरज अपने बचपन में काफी मोटे थे, जिसके कारण गांव के दूसरे बच्चे उनका मजाक बनाते थे, उनके मोटापे से उनके परिवार वाले भी परेशान थे, इसलिए उनके चाचा उन्हें 13 साल की उम्र से दौड़ लगाने के लिए स्टेडियम ले जाने लगे। लेकिन इसके बाद भी उनका मन दौड़ में नहीं लगता था। स्टेडियम जाने के दौरान उन्होंने वहां पर दूसरे खिलाड़ियों को भाला फेंकते देखा, तो इसमें वो भी उतर गए। वहां से उन्होंने जो भाला फेंकना शुरू किया, वह अब ओलंपिक गोल्ड पर जाकर लगा है।

पढ़ाई के साथ वे जेवलिन में भी अभ्यास करते रहे, इस दौरान उन्होंने नेशनल स्तर पर कई मेडल अपने नाम किए। नीरज ने 2016 में पोलैंड में हुए आईएएएफ वर्ल्ड यू-20 चैम्पियनशिप में 86.48 मीटर दूर भाला फेंककर गोल्ड जीता। जिससे खुश होकर आर्मी ने उन्हें राजपुताना रेजिमेंड में बतौर जूनियर कमिशन्ड ऑफिसर के तौर पर नायब सुबेदार के पद पर नियुक्त किया। आर्मी में खिलाड़ियों को ऑफिसर के तौर पर कम ही नियुक्ति मिलती है, लेकिन नीरज को उनके प्रतिभा के कारण डारेक्ट ऑफिसर बना दिया गया।

आर्मी में जॉब मिलने से खुश नीरज ने एक इंटरव्यू में कहा था कि, मेरे परिवार में आज तक किसी को सरकारी नौकरी नहीं मिली है, मैं अपने संयुक्त परिवार का पहला सदस्य हूं जो सरकारी नौकरी करने जा रहा हूं, यह हमारे परिवार के लिए बहुत खुशी की बात है। इससे मैं अपनी ट्रेनिंग जारी रखने के साथ-साथ अपने परिवार की आर्थिक मदद भी कर सकता हूं।

नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया. वह देश के लिए व्यक्तिगत स्वर्ण जीतने वाले पहले ट्रैक एंड फील्ड एथलीट हैं. नीरज ने अपने दूसरे प्रयास में 87.58 मीटर की दूरी के साथ पहला स्थान हासिल कर गोल्ड अपने नाम किया. उन्होंने इस ओलंपिक में भारत के लिए पहला गोल्ड जीता है. साथ ही साथ ये भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास का पहला गोल्ड मेडल भी है. नीरज की इस अविस्मरणीय उपलब्धि पर सारा भारत गौरवान्वित है.

रवि दहिया (सिल्वर मेडल)

हरियाणा के रहने वाले रवि कुमार दहिया का जन्म 12 दिसंबर 1997 को एक किसान परिवार में हुआ था। उनका घर सोनीपत जिले के नाहरी गांव में हैं। रवि के पिता का नाम राकेश दहिया है। रवि के पिता के पास खुद की जमीन नहीं थी। उन्होंने खेती करने के लिए खेत को किराए पर लिया था। रवि को पहलवान बनाने के लिए उनके पिता ने काफी परिश्रम किया। वे रवि के लिए हमेशा दूध और फल देने के लिए गांव से 40 किमी दूर स्टेडियम जाया करते थे। आपको बता दें कि रवि ने अपनी पहलवानी की ट्रेनिंग दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में की है।

पहलवान रवि दहिया ने टोक्यो ओलंपिक में 57 किग्रा भार वर्ग कुश्ती में सिल्वर मेडल जीता. उन्होंने अपनी कामयाबी से भारत के लिए खाते में दूसरा सिल्वर मेडल जोड़ दिया. उनसे देश को गोल्ड की उम्मीदें थीं, लेकिन वे फाइनल मुकाबले में जीत हासिल नहीं कर पाए. उम्मीद करते हैं अगली बार वो अपने मेडल का रंग सुनहरा जरूर कर लेंगे.

पीवी सिंधु (ब्रॉन्ज मेडल)

पीवी सिंधु का जन्म 5 जुलाई 1995 को हैदराबाद में पीवी रमना (पिता) और पी विजया (मां) के घर हुआ था। उनके माता-पिता राष्ट्रीय स्तर पर वॉलीबॉल खिलाड़ी रहे हैं। सिंधु के पिता 1986 के सियोल एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के सदस्य थे। उन्हें खेल में उनके योगदान के लिए वर्ष 2000 में अर्जुन पुरस्कार मिला।

पीवी सिंधु ने अपनी स्कूली शिक्षा औक्सिलियम हाई स्कूल, हैदराबाद और सेंट एन कॉलेज फॉर विमेन, हैदराबाद में की। पुलेला गोपीचंद, 2001 ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियन बैडमिंटन को अपने करियर के रूप में चुनने के लिए सिंधु की प्रेरणा बनीं।

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने भारत के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रच दिया. वे ओलंपिक में लगातार दो बार मेडल जीतने वाली पहली बैडमिंटन खिलाड़ी बन गईं. सिंधु ने सबसे पहले 2016 रियो ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीत चुकी हैं. इस बार उन्होंने उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले में चीनी खिलाड़ी को हराकर मेडल अपने नाम किया.

लवलीना बोरगोहेन (ब्रॉन्ज मेडल)

13 साल की उम्र में लवलीना और उनकी जुड़वा बहनों (लीचा और लीमा) को किक बॉक्सिंग सीखने के लिए भेजा गया था. दोनों बहनें किक बॉक्सिंग में नेशनल लेवल तक पहुंच गईं. लेकिन उस बीच लवलीना गेम बदलकर बॉक्सिंग रिंग में आ चुकी थीं. लवलीना की मां ममोनी बोर्गोहेन बताती हैं कि अपनी स्कूलिंग के टाइम पर वह हर खेल गतिविधि में हिस्सा लेती थी.

बचपन का एक किस्सा बताते हुए ममोनी बोर्गोहेन ने कहा, 'एक बार लवलीना के पिता उनके लिए मिठाई लाए. मिठाई जिस अखबार में लपेटकर लाई गई थी लवलीना उसे पढ़ने लगीं. तब पहली बार लवलीना ने मोहम्मद अली के बारे में पढ़ा और फिर बॉक्सिंग में उनकी रुचि बढ़ी.'

जब लवलीना 9वीं क्लास में थीं तब ही भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के एक कोच की नजर उनपर पड़ी थी. तब से वह बॉक्सिंग में लगातार आगे ही बढ़ती गईं. वह मोहम्मद अली के साथ-साथ माइक टायसन की भी फैन हैं.

बॉक्सिंग में भारत की लवलीना बोरगोहेन ने टोक्यो ओलंपिक में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया. उन्होंने शुरुआत में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन सेमीफाइनल में उन्हें हार का सामना करना पड़ा. इसके बावजूद उन्होंने देश के खाते में एक ब्रॉन्ज मेडल जोड़कर देश को गर्वित कर दिया.

बजरंग पूनिया (ब्रॉन्ज मेडल)

बजरंग पूनिया का जन्म 26 फरवरी 1994 को हरियाणा के झाझर गाँव में हुआ था. बजरंग पूनिया के पिता का नाम बलवान सिंह पुनिया हैं. बजरंग पूनिया के पिता बलवान सिंह पुनिया भी पेशेवर पहलवान रह चुके है. बजरंग पूनिया की पत्नी का नाम संगीता फोगाट है. संगीता फोगाट भी पहलवान रह चुकी है. 25 नवंबर को बजरंग पूनिया और संगीता फोगाट शादी के बंधन में बंधे. संगीता द्रोणाचार्य अवॉर्डी महावीर फोगाट की बेटी हैं.

बजरंग पूनिया ने अपनी स्कूली शिक्षा अपने गाँव से ही पूरी की है. इसके बाद बजरंग पूनिया ने महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी से स्नातक की शिक्षा हासिल की है. बजरंग पूनिया ने भारतीय रेलवे में टिकट चेकर (TTE) का भी काम किया है.

बजरंग पूनिया को कुश्ती विरासत में मिली है. उन्होंने महज 7 साल की उम्र में कुश्ती करना शुरू कर दिया था. बजरंग पूनिया के पिता भी पहलवान थे तो उन्होंने अपने बेटे के सपने को पूरा करने में बहुत सहयोग किया. परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं थी, लेकिन बलवान सिंह पुनिया ने अपने बेटे को पहलवान बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी. बजरंग पूनिया ने 14 साल की उम्र में अखाड़े में ट्रेनिंग करना शुरू की. इसके बाद उनकी मुलाकात ओलंपिक मेडलिस्ट योगेश्वर दत्त से हुई. योगेश्वर दत्त ने बजरंग पूनिया को कुश्ती के दाव पेच सिखाए.

पहलवान बजरंग पूनिया ने शनिवार को टोक्यो ओलंपिक में शानदार सफलता हासिल करते हुए फ्रीस्टाइल कुश्ती के 65 किग्रा भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया. बजरंग ने भारत की झोली में चौथा कांस्य और कुल छठां पदक डाला. बजरंग ने इस मुकाबले में कजाकिस्तान के दौलत नियाबेकोव को हराकर पदक जीता.

भारतीय पुरुष हॉकी टीम (ब्रॉन्ज मेडल)

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मनी को हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया. भारत ने 41 साल बाद ओलंपिक में हॉकी का मेडल जीता है. इससे पहले भारत ने वासुदेवन भास्करन की कप्तानी में 1980 के मॉस्को ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था. टीम ने इस ओलंपिक में अद्‌भुत प्रदर्शन किया. हॉकी टीम के सभी प्लेयर्स से खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बात कर उन्हें देशवासियों की तरफ से शुभकामनाएं दी. हॉकी के स्वर्णिम इतिहास को दुबारा जीवंत बनाकर हॉकी टीम ने हरेक भारतीय को गर्व करने का अवसर दिया है.

मीराबाई चानू (सिल्वर मेडल)

मीराबाई चनू का जन्म 8 अगस्त 1994 को मणिपुर के नोंगपेक काकचिंग गांव में हुआ था. शुरुआत में मीराबाई का सपना तीरंदाज बनने का था, लेकिन किन्हीं कारणों से उन्होंने वेटलिफ्टिंग को अपना करियर चुनना पड़ा. मणिपुर से आने वालीं मीराबाई चनू का जीवन संघर्ष से भरा रहा है. मीराबाई का बचपन पहाड़ से जलावन की लकड़ियां बीनते बीता. वह बचपन से ही भारी वजन उठाने की मास्टर रही हैं.

मीराबाई बचपन में तीरंदाज यानी आर्चर बनना चाहती थीं. लेकिन कक्षा आठ तक आते-आते उनका लक्ष्य बदल गया. दरअसल कक्षा आठ की किताब में मशहूर वेटलिफ्टर कुंजरानी देवी का जिक्र था.

इम्फाल की ही रहने वाली कुंजरानी भारतीय वेटलिफ्टिंग इतिहास की सबसे डेकोरेटेड महिला हैं. कोई भी भारतीय महिला वेटलिफ्टर कुंजरानी से ज्यादा मेडल नहीं जीत पाई है. बस, कक्षा आठ में तय हो गया कि अब तो वजन ही उठाना है. इसके साथ ही शुरू हुआ मीराबाई का करियर.

भारतीय महिला वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने टोक्यो ओलंपिक की शुरुआत में सिल्वर मेडल जीतकर भारत का खाता खोला. चानू ने 49 किलोग्राम वर्ग में यह कामयाबी हासिल की. उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 115 किलो और स्नैच में 87 किलो से कुल 202 किलो वजन उठाकर पदक अपने नाम किया.

टोक्यो पैरालंपिक के पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी

भाविना पटेल

एक छोटी परचून की दुकान चलाने वाले हंसमुखभाई पटेल की बेटी भाविना को पदक का दावेदार भी नहीं माना जा रहा था, लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से इतिहास रच दिया.

भाविना पटेल का पूरा नाम भाविना हसमुख पटेल है ये मूल रूप से गुजरात के रहने वाली हैं इनका जन्म 06 नवम्बर 1986 को गुजरात के मेहसाणा जिले के सुधियां गांव में हुआ था। वर्ष 2004 में जब 18 वर्ष की थीं तो भाविना अपने गृहनगर से अहमदाबाद चलीं गई और फिलहाल अपने परिवार के साथ वहीं रहती हैं। इनकी शादी निकुल पटेल से हुई है जो की एक विजनेस मैन हैं इनके दो पुत्र हैं। टोक्यो पैरालंपिक में भारत को पहला पदक भाविनाबेन पटेल ने दिलाया था. टेबल टेनिस के क्लास 4 वर्ग में भाविना रजत पदक जीतने में सफल रही थीं. 34 साल की भाविना ने क्वार्टर फाइनल में सर्बिया की

बोरिस्लावा रांकोविच को हराकर पदक पक्का कर लिया था. इसके बाद भाविना ने सेमीफाइनल में चीन की ही झांग मियाओ को मात देकर फाइनल में जगह बनाई थी. हालांकि भाविना को फाइनल में चीन की वर्ल्ड नंबर-1 झाउ यिंग ने हरा दिया, जिसके चलते उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा.

निषाद कुमार

दिल में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो बड़ी से बड़ी चुनौती भी इंसान को उसकी मंजिल तक पहुंचने से नहीं रोक सकती है। ऐसे ही एक शख्स हैं उपमंडल अम्ब की कटौहड कलां पंचायत के बदायूं गांव के दिव्यांग निषाद कुमार।

एक साधारण परिवार में मुश्किलों के बीच पले बढ़े हैं. निषाद का पैरालंपिक तक का सफ़र मुश्किलों भरा रहा है. बचपन में मां जब पशुओं के लिए घास काट रही तो निषाद का हाथ उसमें चला गया और कट गया.

यहीं से निषाद की ज़िंदगी बदल गई व ऊंचे कूद का सफ़र शुरू हुआ क्योंकि निषाद की मां भी स्पोर्ट्स में रही थी इसलिए बेटे को प्रोत्साहित किया. मुश्किल ये थी को निषाद को प्रशिक्षण के लिए कहां भेजा जाए तो मां बाप ने 2500 रुपया देकर हरियाणा भेजा। हरियाणा आने के बाद से निषाद ने अपने हुनर को तराशा और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

निषाद कुमार ने पुरुषों के टी-47 हाई जंप के मुकाबले में भारत के लिए टोक्यो पैरालम्पिक 2021 में रजत पदक जीता है. निषाद कुमार ने पहली कोशिश में 2.02 और दूसरे प्रयास में 2.06 मीटर की जंप लगाई. अमेरिका के डलास वाइज भी इसी इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने में कामयाब रहे, क्योंकि वाइज ने भी 2.06 मीटर की जंप लगाई थी. इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक अमेरिका के ही रोडरिक टाउनसेंड ने 2.15 मीटर की कूद के विश्व रिकॉर्ड के साथ हासिल किया.

अवनि लखेरा

अवनी लखेरा का जन्म राजस्थान के जयपुर में 8 जनवरी 2001 को हुआ था इनके पिता का नाम प्रवीन लखेरा और माता का नाम स्वेता लखेरा है। अवनी लखेरा बचपन में शारीरिक रूप से नॉर्मल लड़की थी लेकिन एक घटना के बाद इनके जीवन ही बदल गया। बताया जाता है की अवनी जब ग्यारह वर्ष की थी तब अपने पिता के साथ कहीं जा रहीं थीं उसी क्रम में एक दुर्घटना घटित हो गई और अवनी बुरी तरह से घायल हो गईं इनके पिता की भी पैर टूट गई लेकिन अवनी को ज्यादा ही चोट लगी थी। इलाज के दौरान पता चला की अवनी की रीढ़ की हड्डी टूट गई है और वो अब शायद ही सही तरीके से चल पाएगी इनके जीवन में अब निराशा के बादल छाए हुए दिखाई दे रहा था तब इनके माता पिता ने अपनी बेटी के अंदर आत्मविश्वास भरना शुरू किया और अंततः अवनी ने यह निर्णय लिया की अब निशानेबाजी में अपना कैरियर बनानी है और फिर इन्होंने अभ्यास शुरू कर दिया और नतीजा ये है की आज पूरा देश इनपर गर्व कर रहा है। अवनी लखेरा जब शरीर से असमर्थ हो गईं और फिर निर्णय लिया की निशाने बाजी में अपना कैरियर बनाना है तब इन्होंने अभिनव बिंद्रा जी को आदर्श मानकर अपना अभ्यास शुरू किया और घर के नजदीक ही शूटिंग रेंज पर जाकर रोज निरंतर अभ्यास शुरू कर दिया। शूटिंग रेंज पर हीं निशाने बाजी के कोच चंदन सिंह से मुलाकात हुई उन्होंने ने भी अवनी को यह विश्वास दिलाया कि अगर तुम निरंतर सही दिशा में अभ्यास करती हो तो एक दिन जरूर अपने मकसद में कामयाब हो जायोगी।

बीच बीच में अवनी का निशाना सही नहीं होता और अवनी निराश हो जाती तो कोच चंदन सिंह द्वारा प्रोत्साहित किया जाता की तुम ऐसे हार नहीं मानो और नतीजा आज यह हुआ की अपना नाम पूरे विश्व के पटल पर सुर्खियां में ला दिया।

टोक्यो पैरालंपिक में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक अवनि लखेरा ने हासिल किया. उन्होंने महिलाओं की आर-2 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 में यह सुनहरी सफलता हासिल की. इसके साथ ही अवनि पैरालंपिक खेलों में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गईं. 19 साल की इस शूटर ने फाइनल में 249.6 अंक बनाकर विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की. इस स्पर्धा का रजत पदक चीन की झांग कुइपिंग ने हासिल किया. वहीं, यूक्रेन की इरियाना शेतनिक को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा.

इसके बाद अवनि लखेरा ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन SH1 स्पर्धा का भी कांस्य पदक जीता. अवनि फाइनल में 445.9 का स्कोर कर तीसरे स्थान पर रहीं. इस स्पर्धा का स्वर्ण चीन की झांग क्यूपिंग (457.9) और रजत पदक जर्मनी की हिलट्रॉप नताशा (457.1) ने जीता. इसके साथ ही अवनि लखेरा दो पैरालंपिक मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गईं.

हरियाणा के बहादुरगढ़ से आने वाले योगेश कथुनिया ने पुरुषों के डिस्कस थ्रो 56 में भारत के लिए सिल्वर मेडल जीता था. उन्होंने अपने छठे और आखिरी प्रयास में 44.38 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर पदक पर कब्जा कर लिया. ब्राजील के बतिस्ता डॉस सैंटोस क्लॉडनी (45.25) ने इस स्पर्धा का गोल्ड मेडल जीता था. वहीं क्यूबा के डियाज अल्दाना लियोनार्डो (43.36) तीसरे स्थान पर रहे. योगेश कठुनिया की मां मीना देवी ने कहा, 'सिल्वर मेडल ही मेरे लिए गोल्ड मेडल है। देश के लिए गोल्ड मेडल लाना बड़ी बात है। तीन साल तक वह व्हीलचेयर में रहा। मेहनत के लिए वह कभी पीछे नहीं हटता है।'

योगेश कथुनिया

सुमित अंतिल

हरियाणा की मिट्टी ऐसे लाल बड़ा करती है जो खेलों में देश का नाम रोशन करते हैं। सुमित अंतिल भी उन्हीं मे से एक हैं। किसी वक्त कुश्ती में देश को मेडल दिलाने का सपना देखने वाले सोनीपत के इस लाल ने पैरालिंपिक में गोल्डन भाला फेंका। 7 जून 1998 को पैदा होने वाले सुमित का यह सफर कठिनाइयों भरा रहा। छह साल पहले हुए सड़क हादसे में एक पैर गंवा दिया। बावजूद इसके उन्होंने जिंदगी में कभी हार नहीं मानी। हर परिस्थिति का डटकर सामना किया। सुमित जब सात साल के थे, तब एयरफोर्स में तैनात पिता की मौत हो गई। तीन बेटियों और इकलौते बेटे को पालना मां के लिए आसान नहीं था। 2015 की एक शाम 17 साल के सुमित की बाइक को किसी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में हमेशा-हमेशा के लिए एक पैर गंवाना पड़ा। कई महीनों तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद साल 2016 में सुमित को नकली पैर लगाया गया। खेलों के प्रति तो शुरू से ही रुझान था। साई कोच वीरेंद्र धनखड़ ने उनका मार्गदर्शन किया। दिल्ली में कोच नवल सिंह ने उन्हें जैवलिन थ्रो के गुर सिखाए। साल 2018 में एशियन चैंपियनशिप में 5वीं रैंक मिली। अगले साल 2019 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता फिर इसी साल हुए नेशनल गेम्स में गोल्ड जीतकर अपनी परेशानियों को उपबल्धियों के आगे बौना साबित कर दिया। जैवलिन थ्रोअर सुमित अंतिल (एफ 64 वर्ग) ने भारत को इस पैरालंपिक खेलों का दूसरा स्वर्ण दिलाया था. सुमित ने रिकॉर्ड 68.55 मीटर जैवलिन फेंककर पीला तमगा अपने नाम किया. ऑस्ट्रेलिया के मिचाल बुरियन (66.29 मीटर) और श्रीलंका के डुलान कोडिथुवाक्कू (65.61 मीटर) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते.

दो बार के पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट देवेंद्र झाझरिया ने टोक्यो में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा. देवेंद्र ने जैवलिन थ्रो (F46 वर्ग) में 64.35 का बेस्ट थ्रो कर रजत पदक हासिल किया. इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक श्रीलंका के दिनेश प्रियान हेराथ के नाम रहा, जिन्होंने 67.79 मीटर का थ्रो किया. श्रीलंकाई एथलीट ने अपने इस प्रयास से देवेंद्र झाझरिया का पिछला वर्ल्ड रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया.

देवेंद्र झाझरिया का जन्म 10 जून 1981 ई० राजस्थान के चुरू जिले में एक जाट परिवार में हुआ था जब ये करीब 10 वर्ष के थे तो एक दिन दोस्तों के साथ खेलते हुए एक पेड़ पर चढ़ गए वहां बिजली की तार को पकड़ लिया जिससे उनकी बाईं हाथ पूरी तरह जल गया। इलाज के दौरान डॉक्टर ने क्षतिग्रस्त हाथ को काटने का निर्णय लिया हुआ और देवेंद्र को ठीक रहने के लिए ये करना जरूरी भी था। जब स्कूल जाने लगे तो सभी लोग इन्हें यही बोलते थे की जब तक पूरी शरीर ठीक न हो वो क्या कर सकता है इससे कुछ नहीं होगा इनके मन को भी कभी कभी ऐसा लगता था लोग ठीक कह रहे हैं तभी इनके स्कूल में खेल का एक आयोजन हुआ उसमें बहुत से शिक्षक और छात्र भाग लिए उसमें एक शिक्षक आए थे उनका नाम था आर डी शर्मा जो बच्चों को जैवलिन थ्रो की कोचिंग देते थे। उन्होंने देवेंद्र की प्रतिभा की पहचान की और इनके मनोबल को बढ़ाया। इसके बाद देवेंद्र ने अपने गुरु श्री आर डी शर्मा जी के बताए हुए रास्ते पर चलना शुरू किया और आज तक चलते रहे। आर डी शर्मा जी को द्रोणाचार्ज पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है. जब पहली बार देवेन्द्र ने 2004 के एथेंस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीत तो इस जीत का श्रेय अपने गुरु श्री आर डी शर्मा जी को दिया। उनका ये शानदार सफर अभी तक जारी है। उम्मीद है देवेंद्र आगे भी देश को गौरवान्वित करते रहेंगे।

देवेंद्र झाझरिया

सुंदर सिंह गुर्जर

जिंदगी कब करवट बदल ले कहा नहीं जा सकता इसलिए इंसान को कभी हार नहीं माननी चाहिए. इसका जीता जागता उदाहरण हैं टोक्यो पैरालंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले सुंदर सिंह गुर्जर. एक वक्त ऐसा भी था जब सुंदर आत्महत्या करने की सोचने लगे थे. इनका जन्म 1 जनवरी 1996 में राजस्थान के करौली में टोडाभीम तहसील के देवलेन गांव में हुआ था. खास बात ये हैं कि वह बचपन से दिव्यांग नहीं थे. वह साल 2015 तक सामान्य खेलों में हिस्सा लेते थे. इसी साल एक दोस्त के घर, टीन की चद्दर इनके हाथ पर गिर गई, जिसकी वजह से कलाई को काटना पड़ा. इस हादसे के बाद सुंदर गुर्जर जबर्दस्त निराशा में डूब गए, मगर फिर खुद को संभाला और सिर्फ एक हाथ से ही भाला यानी जैवलिन फेंकना शुरू किया.

जैवलिन थ्रोअर सुंदर सिंह गुर्जर ने F-46 वर्ग में ही भारत के लिए कांस्य पदक जीता. सुंदर सिंह गुर्जर ने 64.01 मीटर जैवलिन फेंका, जो इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है. सुंदर को जैवलिन के अलावा डिस्कस थ्रो और शॉटपुट में भी पारंगत हासिल है. 2017 में दुबई में आयोजित इंटरनेशनल एथलेटिक्स ग्रां प्री में सुंदर ने इन तीनों ही स्पोर्ट्स में गोल्ड मेडल जीता था.

सिंहराज

सिंहराज सिंह अधाना हरियाणा के बहादुगढ़ के रहने वाले हैं. उनका परिवार आर्थिक तौर पर काफी ज्यादा मजबूत नहीं है. ऐसे में सिंहराज के लिए शूटिंग जैसे महंगे खेल का खर्च उठाना आसान नहीं था. सिंहराज ने कुछ समय पहले पीएम मोदी से बातचीत में बताया था कि उनकी पत्नी ने उनके सपने के लिए काफी त्याग किए हैं. सिंहराज सिंह ने कहा, 'पहला नेशनल मेडल जीतने के बाद ही मैंने तय कर लिया था कि अब मुझे पैरालिंपिक में मेडल जीतना है. सिंहराज अधाना एक किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं. लगभग 35 साल की उम्र में काफी देरी से शूटिंग की शुरुआत की. इसके बावजूद अधाना को अपनी कामयाबी का यकीन था. उन्होंने अपने और पैरालिंपिक मेडल के बीच अपनी उम्र और अपनी कमजोरी को कभी नहीं आने दिया. एसएच1 वर्ग में निशानेबाज एक हाथ से ही पिस्टल थामते हैं. उनके एक हाथ या पांव में विकार होता है. इसमें निशानेबाज नियमों के अनुसार बैठकर या खड़े होकर निशाना लगाते हैं.

शूटर सिंहराज ने पुरुषों के 10 मीटर एयर पिस्टल SH1 स्पर्धा में भारत के लिए कांस्य पदक जीता था. हरियाणा के रहने वाले सिंहराज ने फाइनल में 216.8 का स्कोर कर यह उपलब्धि हासिल की. चीनी खिलाड़ियों यांग चाओ (237.9) और हुआंग जिंग (237.5) ने क्रमशः गोल्ड और सिल्वर जीता.

39 साल के सिंहराज ने इसके बाद P4 मिक्स्ड 50 मीटर पिस्टल एसएच-1 फाइनल में भी रजत पदक हासिल किया. फाइनल में सिंहराज ने 216.7 का शानदार स्कोर किया. इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक भारत के ही मनीष नरवाल (218.2) ने हासिल किया. वहीं रूसी पैरालंपिक समिति (RPC) के सर्गेई मालिशेव (196.8) ब्रॉन्ज जीतने में कामयाब रहे.

मरियप्पन थंगावेलु

मरियप्पन थंगावेलु का जन्म 28 जून 1995 को तमिलनाडु के गांव पेरियावादगमपट्टी, सालेम में हुआ था। उनके घर में एक बड़ी बहन और दो छोटे भाई है। उनके पिता का एक हादसे में निधन हो गया था। मरियप्पन का बचपन बहुत गरीबी में बीता है। पति की मौत के बाद उनकी मां सरोजा देवी ईट उठाने का काम किया करती थी। लेकिन एक दिन उन्हें सीने में दर्द हुआ तो मरियप्पन ने किसी से 500 रुपये उधार लेकर उनका ईलाज करवाया। जिसके बाद सरोजा देवी ईठ उठाने का काम छोड़कर सब्जियां बेचना शुरू कर दी। जब मरियप्पन 5 साल के थे, उनके साथ वो हादसा हुआ जिसने उनकी पूरी जिंदगी को बदलकर रख दिया। दरअसल, जब वह सड़क पर खेल रहे थे, तो एक बस ने उनको इतनी जोर से टक्कर मारी की उनका एक पैर खराब हो गया। इतना ही नहीं पैर खराब हो जाने की वजह से डॉक्टरों को उनका पैर तक काटना पड़ा। मरियप्पन के ईलाज कराने के लिए उनकी मां को 3 लाख रुपये उधार लेने पड़े। इस लोन को मरियप्पन का परिवार 2016 तक भी नहीं चुका पाया था। जब पैरालंपिक खेलों का आयोजन शुरू हुआ तो उस समय तक इनका पूरा परिवार किराए के मकान में ही रहता है। मरियप्पन के साथ भीषण हादसा हो जाने के बाद उन्हें 17 सालों तक कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने पड़े। जिसके बाद उनके परिवार को कुल 2 लाख रुपये का मुआवजा प्राप्त हुआ। इसमें से भी 1 लाख रुपये तो वकीलों को फीस के तौर पर चुकाने पड़ें। बाकि बचे एक लाख को उनकी मां ने बैंक में जमा करा दी ताकि भविष्य में मरियप्पन के काम आ सके। मरियप्पन को बचपन से ही वॉलीबाल खेलने का काफी शौक था एक पैर कटने के बाद भी खेलों के लेकर उनकी लग्न को देखकर उनके एक टीचर ने उन्हें हाई जंप करने की सलह दी। जिसके बाद मरियप्पन ने इसमें ही करियर बनाने का मन बनाया। 14 साल की उन्होंने हाई जंप प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें वह दूसरे नंबर के खिलाड़ी रहें। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। हाई जंपर मरियप्पन थंगावेलु ने पुरुषों की ऊंची कूद टी-63 स्पर्धा में भारत के लिए रजत

पदक जीता. था. मरियप्पन ने 1.86 मीटर की जंप लगाकर यह कामयाबी हासिल की. अमेरिका के सैम ग्रेव (1.88 मीटर) की छलांग लगाते हुए इस इवेंट का गोल्ड मेडल हासिल किया. 26 साल के मरियप्पन का पैरालंपिक खेलों में यह लगातार दूसरा पदक है. इससे पहले मरियप्पन ने रियो पैरालंपिक (2016) में ऊंची कूद इवेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया था.

शरद कुमार मूलतः बिहार के रहने वाले हैं, अभी वो राजधानी दिल्ली के छतरपुर इलाके में रहते हैं। जेएनयू से पढ़ाई भी कर रहे हैं। शरद का एक पैर पोलियो बीमारी के कारण खराब हो गया था। यह जन्म से ही काफी कमजोर है। हालांकि उन्होंने अपनी कमजोरी को कभी भी अपनी सफलता में बाधा नहीं बनने दी। उन्होंने अपने हौसले से अपनी खुद के कामयाबी की कहानी लिखी है जिसकी चर्चा आज दुनिया भर में हो रही है। उन्होंने टोक्यो के पैरालिंपिक 2020 में वो कर दिखाया जो हर किसी का सपना होता है। पुरुषों की ऊंची कूद टी-63 स्पर्धा में ही शरद कुमार ने भी भारत के लिए कांस्य पदक हासिल किया. शरद ने 1.83 मीटर का बेस्ट प्रयास कर यह उपलब्धि हासिल की. एक अन्य भारतीय पैरा एथलीट वरुण सिंह भाटी इस स्पर्धा में सातवें स्थान पर रहे. गौरतलब है कि भाटी ने रियो पैरालंपिक में भी भारत के लिए कांस्य पदक जीता था.

शरद कुमार

प्रवीण कुमार

18 साल के इस होनहार युवक का जन्म उत्तर प्रदेश के नोएडा में हुआ था। प्रवीण कुमार के बारे में सबसे दिलचस्प बात ये है कि उनको कुछ वर्षो पहले तक पैरा खेल या ऊंची कूद के बारे में कुछ पता नहीं था। उन्हें वॉलीबॉल में रूचि थी लेकिन एक बार उन्होंने ऊंची कूद प्रतियोगिता में भाग लिया और उन्हें एथलेटिक्स विशेषकर ऊंची कूद से लगाव हो गया।

पुरुषों हाई जंप टी64 वर्ग के फाइनल में प्रवीण कुमार ने 2.07 मीटर की कूद लगाकर सिल्वर मेडल हासिल किया. इस शानदार प्रदर्शन के दौरान प्रवीण ने नया एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया. इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक ग्रेट ब्रिटेन के ब्रूम-एडवर्ड्स जोनाथन (2.10 मीटर) ने जीता. वहीं पोलैंड के लेपियाटो मासिएजो (2.04 मीटर) कांस्य पदक जीतने में सफल रहे.

तीरंदाज हरविंदर सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया. तीसरे स्थान के मुकाबले में हरविंदर ने साउथ कोरिया के सू मिन को 6-5 से शिकस्त दी. इस जीत के साथ ही हरविंदर पैरालंपिक के तीरंदाजी इवेंट में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए.

हरविंदर सिंह

मनीष नरवाल

मनीष नरवाल एक भारतीय पैरा पिस्टल शूटर हैं। जिनका जन्म 17 अक्टूबर 2001 में हरियाणा के फरीदाबाद में हुआ था। मनीष बड़े होकर फुटबॉल खिलाड़ी बनना चाहते थे, लेकिन जन्मजात एक बीमारी ने उनका ये सपना पूरा नहीं होने दिया। लेकिन कहते है, ना जिस इंसान में कुछ कर गुजरने का इरादा हो, वो अपना मुकाम हासिल कर ही लेता हैं। फुटबॉलर तो नहीं लेकिन मनीष भारत के स्वर्णिम एथलीट जरूर बन गए है। दरअसल, दाहिने हाथ में जन्मजात बीमारी के साथ पैदा हुए मनीष को फुटबॉल खेलने का काफी शौक था। स्कूल के दिनों से ही उन्होंने फुटबॉल खेलना शुरू कर दिया था। लेकिन शारीरिक कमी के चलते वह प्रोफेशनल फुटबॉलर नहीं बन पाए। दिव्यांगता ने उन्होंने कई चुनौतियां दी, मगर ये चुनौतियां मनीष के एथलीट बनने के इरादों को कमजोर नहीं कर पाई। फुटबॉल नहीं खेल पाने के चलते उनके परिवार के एक सदस्य ने उन्हें शूटिंग में जाने की सलाह दी। उन्होंने उनकी बात मानी और पैराशूटर बनने की ठानी।

शूटर मनीष नरवाल ने P4 मिक्स्ड 50 मीटर पिस्टल एसएच-1 फाइनल में 218.2 का स्कोर कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया. वहीं, मनीष के हमवतन सिंहराज (216.7) ने रजत और रूसी पैरालंपिक समिति (RPC) के सर्गेई मालिशेव (196.8) ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया. फरीदाबाद के रहने वाले मनीष नरवाल (533) ने क्वालिफिकेशन रांउड में सातवां स्थान हासिल कर फाइनल में जगह बनाई.

प्रमोद भगत

4 जून 1988 को जन्मे प्रमोद का ताल्लुक वैसे तो बिहार से है। मगर वो और उनका परिवार ओडिशा के बरगढ़ जिले के अट्टाबीरा में रहता है। पांच साल की उम्र में पैर में पोलियो होने के बाद वह इलाज के वास्ते ओडिशा चले गए थे। पोलियो होने के बाद भी प्रमोद का बैडमिंटन के प्रति प्यार कभी कम नहीं हुआ। टोक्यो में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद प्रमोद ने न सिर्फ देश और ओडिशा बल्कि बिहार का भी मान बढ़ाया है। बैडमिंटन के प्रति उनका जुनून इस कदर था कि वो कई घंटे तक अभ्यास करते थे। शुरुआती समय में उन्होंने जिला स्तर पर कई टूर्नामेंट जीते। फिर पैरा-बैडमिंटन की ओर रुख किया। इसके बाद प्रमोद ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय पर कई रिकॉर्ड अपने नाम किए।
2018 पैरा एशियाई खेलों में उन्होंने एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके हैं। विश्व चैंपियनशिप में वो चार गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। कुल मिलाकर प्रमोद ने अब 45 अंतरराष्ट्रीय पदक अपने नाम किए हैं।

प्रमोद भगत पैरालंपिक के बैडमिंटन इवेंट में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय हैं. वर्ल्ड नंबर-1 प्रमोद ने बैडमिंटन के पुरुष सिंगल्स एसएल3 फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन के वर्ल्ड नंबर-2 डेनियल बेथेल को 21-14, 21-17 से हराया. गौरतलब है कि प्रमोद भगत ने ग्रुप-ए में अपने दोनों मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी. फिर सेमीफाइनल मुकाबले में प्रमोद ने जापान के डाइसुके फुजिहारा को 21-11, 21-16 से पटखनी दी.

मनोज सरकार

मनोज का जन्म जनवरी 1990 में रुद्रपुर में हुआ. बचपन में ही दाएं पैर के पंजे के शारीरिक रूप से कमजोर होने के बावजूद अपने आसपास के बच्चों को बैडमिंटन खेलता देखकर मनोज ने भी इसे खेलना शुरू किया. मनोज के पिताजी दैनिक मजदूर थे और माताजी घर पर ही बीड़ी बनाने का काम करती थीं. ऐसी कमजोर आर्थिक स्थिति में बैडमिंटन के पुराना रैकेट खरीदकर मनोज ने अपनी मेहनत के बल पर खेल में निपुणता हासिल करने की शुरुआती कोशिश की. अपने विषम शारीरिक आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने बैडमिंटन जैसे तेज खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो मुक़ाम हासिल किया वो हम सबके लिए प्रेरणादायी है.

एसएल3 वर्ग में ही मनोज सरकार ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता. उत्तराखंड के रहने वाले मनोज ने ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले में जापान के डाइसुके फुजिहारा को 22-20, 21-13 से शिकस्त दी थी. इससे पहले मनोज सरकार को सेमीफाइनल मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन के डेनियल बेथेल ने हरा दिया.

सुहास यथिराज

साल 2020 में जब यूपी का सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक शहर नोएडा कोरोना की मार से बुरी तरह टूट रहा था, लोग महामारी से दम तोड़ रहे थे, अस्पतालों और सरकारी व्यवस्थाएं इस महामारी के सामने घुटने टेक रही थी तो उम्मीद की किरण बनकर एक युवा IAS अधिकारी ने कमान संभाली। 38 साल के इस युवा जिलाधिकारी ने कुर्सी पर बैठते ही अपनी जिम्मेदारियों को इस कदर निभाया कि केंद्र सरकार ने भी कोरोना मैंनेजमेंट के लिए उनकी तारीफों के पुल बांध दिए। देश के तेज तर्रार आईएएस अधिकारियों में गिने जाने वाले सुहास एलवाई का सफर आसान नहीं था। दाहिने पैर से विकलांग सुहास ने कभी अपनी इस कमजोरी का रोना नहीं रोया, बल्कि इस कमजोरी को ही अपनी ताकत बना ली। पैर खराब होने के बावजूद जब सुहास बैंडमिंटन कोट में उतरते हैं तो बड़े-बड़े खिलाड़ियों के पसीने छूट जाते हैं।

कर्नाटक के छोटे से शहर शिमोगा में जन्मे सुहास एलवाई ने अपनी तकदीर को अपने हाथों से लिखा है। जन्म से ही पैर से विकलांग सुहास शुरुआत से IAS नहीं बनना चाहते थे। बचपन से ही को खेल को लेकर बहद दिलचस्पी रखने थे। उन्हें पिता और परिवार का भरपूर साथ मिला। पैर पूरी तरह फिट नहीं था तो समाज के ताने उन्हें सुनने को मिलते रहे, लेकिन पिता और परिवार चट्टान की तरह उन तानों के सामने खड़े रहे और कभी भी सुहास का हौंसला नहीं टूटने दिया। सुहास के पिता उन्हें सामान्य बच्चों की तरह देखते थे। सुहास का क्रिकेट प्रेम उनके पिता की देन है। परिवार ने उन्हें कभी नहीं रोका, जो मर्जी हुई सुहास ने उस गेम को खेला और पिता ने भी उनसे हमेशा जीत की उम्मीद की। पिता की नौकरी ट्रांसफर वाली थी, जो सुहास की पढ़ाई शहर-शहर घूमकर होती रही। शुरुआती पढ़ाई गांव में हुई तो वहीं सुरतकर शहर ने उन्होंने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी से कम्प्यूटर साइंस में इंजिनियरिंग पूरी की।

बैडमिंटन खिलाड़ी और IAS अधिकारी सुहास एल यथिराज ने रजत पदक अपने नाम किया. एसएल4 वर्ग के फाइनल में सुहास यथिराज को फ्रांस के वर्ल्ड नंबर-1 लुकास मजूर ने 15-21, 21-17, 21-15 से हरा दिया. अपने ग्रुप में तीन में से दो जीत दर्ज करने के बाद सुहास ने सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया था. फिर 38 साल के सुहास ने सेमीफाइल मुकाबले में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान को 21-9, 21-15 से हराकर रजत पदक पक्का किया.

कृष्णा नागर

कृष्णा नागर का जन्म 12 जनवरी 1999 को जयपुर, राजस्थान में हुआ था। जब वह 2 साल के थे, तो उन्हें पता चला कि वह बौने हैं। दरअसल, उनकी हड्डी के विकास में कुछ समस्या थी, जिसके चलते उनकी ऊंचाई दूसरों की तरह नहीं बढ़ सकती है। वह आम लड़कों तुलना में काफी छोटे है और उनकी हाइट 4 फीट 2 इंच है। हाइट कम होने की वजह से लोग कृष्णा को ताने देने लगे थे। स्कूल में बच्चे उनके बौनेपन को लेकर मजाक बनाया करते थे। जिसके कारण कृष्णा ने घर से बाहर निकलना भी बंद कर दिया था। इस दौरान कृष्णा का परिवार उनकी ढ़ाल बनकर खड़ा रहा और उन्हें कभी भी किसी से कम महसूस नहीं होने दिया। वह लगातार उन्हें खेलने के लिए मोटिवेट करते रहे। ताकि वह खुद को सब बच्चों की तरह ही समझ सके। बचपन में कृष्णा क्रिकेटर बनना चाहते थे। लेकिन लंबाई कम होने की वजह से बैटिंग के दौरान हर बॉल बाउंस होकर उनके सिर के ऊपर से निकल जाती थी। इसके बाद कृष्णा ने क्रिकेट छोड़ वॉलीबॉल खेलना शुरू किया। इसमें वे काफी अच्छे डिफेंडर बन गए, लेकिन लंबाई की वजह से उसने वॉलीबॉल भी छोड़ना पड़ा। 2017 में जयपुर के एक स्टेडियम में उन्होंने अपने पिता के कहने पर बैडमिंटन खेलना शुरू किया। और तभी उन्हें पैरा-बैडमिंटन के बारे में पता चला। इसके बाद उन्होंने इसी फील्ड में करियर बनने का फैसला किया और कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

बैडमिंटन खिलाड़ी कृष्णा नागर ने गोल्ड मेडल पर कब्जा किया. नागर ने पुरुष सिंगल्स एसएच6 फाइनल में हॉन्गकॉन्ग के चू मान काई को 21-17, 16-21, 21-17 से हराया. गौरतलब है कि दूसरी वरीयता प्राप्त कृष्णा नागर ने ग्रुप-बी में अपने दोनों मुकाबलों में जीत हासिल कर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया था. इसके बाद सेमीफाइनल में नागर ने ग्रेट ब्रिटेन के क्रिस्टन कूम्ब्स को 21-10, 21-11 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई.

Cities as engines of economic growth

Rise of the cities herald ascendance of a civilization and its decline is marked by fall of cities and urban culture. Cities are the center of economic production and knowledge production which drives civilization. The central role of the cities can be understood by the Agglomeration economies, which are the benefits accruing from people & firms operating in proximity of each other. The agglomeration benefits are generated due to reduction in costs of raw materials, skill labour and ideas. And some degree of density is also necessary to efficiently share the ever-increasing requirement of hi-tech and expensive infrastructure by reducing per unit cost. The greater variety of goods and services, stronger competition and minimization of cost of interaction in cities leads to massive efficiency gain turning them into economic powerhouse.

Mostly cities start as the center of political power, trade and manufacturing. Industrial production form the core impetus of smaller cities growing into mega cities we see in the modern era. And even though manufacturing tends to move out of the core to the periphery, cities continue to retain their pre-eminent economic positions. Among other things, the major factor is the increasing dependence of economic growth on innovation and knowledge production. And cities are the engines of research and innovation as they tend to be even more highly concentrated than the manufacturing. And studies have shown that given the increasing complexity of innovation, the degree of concentration of innovation in the cities will continue to increase in the foreseeable future. Also, the diversity of city population also gives it a cutting edge in research & innovation.

But some are arguing that intensifying ICT revolution with the advent of 5G, Digital India, AI, 4th industrial revolution has eroded the rationale of the cities as hub of economic activities and innovation. And the post-Covid future will be about decongesting the cities and focusing on the villages, that will supposedly emerge as the drivers of the

economic growth. But none of these prophecies are new. Every technological development has led experts to make such predictions but importance of cities in economic growth has only been reinforced. In 1944 George Orwell said: Reading a batch of rather shallowly optimistic progressive books, I was struck by the automatic way in which people go on repeating certain phrases which were fashionable before 1914. Two great favorites are 'the abolition of distance' and 'the disappearance of frontiers'.

In 1995 The Economist declared that the communication revolution would lead to “death of distance” but if anything, cities have become bigger, denser. While it is true that technological progress has changed our day to day life, but it has not diminished the benefits of proximity. It is specifically true about the knowledge production. Knowledge can be classified in two categories, one that can be codified and distributed everywhere easily and the Tacit knowledge. It is access to tacit knowledge which provides niche comparative advantage.

While technological progress means that successful experiments/projects are published & easily accessed by a wider audience, it is the knowledge of failed attempts which is of importance and is available only in proximity. It is one of the reasons why research and innovation are so densely located. Improvement in ICT and machine learning have given us the ability to automate the most mechanical, routine and low value-added task. But creativity still is purely human endeavor & needs human proximity.

Productivity gains explain most of the economic growth. And productivity growth is driven by knowledge production. Knowledge production itself is a function of population and density as it depends critically on human interactions. Villages or remote towns cannot replace cities as the engines of research and innovation despite improvement and falling cost of connectivity. Arguments to the contrary in the name of Swadeshi are more ideological & political rather than rooted in economic reality. Villages can be integrated into backward supply-chains but by no imagination can they become the drivers of modern economic growth. GDP of city of Tokyo alone is 50% of the India's GDP. Slums of Mumbai are more productive than villages. Villages as center of modern economic growth is anthropological, technological, & economic impossibility.

And cities not only play an economic role but also a pivotal role in social transformation & modernization. Increasing urbanization has accelerated the breakdown of caste-system and economic inefficiency it entailed. Dissolution of the feudal-caste system created free labour & instituted freedom of employment with people no longer artificially restricted to pre-determined jobs. Throughout the history caste-system has weakened whenever urbanization gained strengthen and no wonder that social orthodoxy is uncomfortable with urbanization. It views cities & machines as harbinger of disruption of the orthodox social order. This is especially true of the modern economic growth. But then that is what India needs on a massive scale.

AUTHOR: AASHEERWAD DWIVEDI
ASSISTANT PROFESSOR, SHRI RAM COLLEGE OF COMMERCE

CoWIN: an unheralded success



The COVID-19 pandemic has been a shock like none else to system the world over. The subsequent research and creation of a successful vaccine against the disease in record time is a modern-day miracle that promises significant hope for future biomedical research, such as the possibility of vaccines based on the mRNA platform. While the problems associated with the manufacturing of vaccines at a substantial scale are complex, the problems associated with the rollout, distribution and actual administration of vaccines are equally, if not more complex.

In India, the COVID-19 vaccination efforts have been coordinated on the COVID-19 Vaccine Intelligence Network ("CoWIN") platform, which was developed by the Ministry of Health and Family Welfare (MoHFW) with the United Nations Development Programme (UNDP). The CoWIN platform is an adapted version of the electronic Vaccine Intelligence Network (eVIN) platform that has digitised stocks in 27,000 storage centres and built a capacity of around 37,000 government personnel for vaccine and cold chain logistic management since 2015. This system's adapted form allowed us to manage the distribution, administration and management of the COVID-19 vaccine rollout.

The CoWIN platform functions as an interface for end-users such as us and for National, State and District Level administrators and the vaccinators. It is meant to enable easier planning and scheduling, reduce wastage and increase efficiency. The data regarding session sites, bulk upload of beneficiary data, self-registration session management, monitoring and reporting is also stored on the cloud-based platform. It is meant to be a single solution for administrators, vaccinators, and the general public to interact.

The CoWIN interface also provides an open Application Programming Interface (API), allowing anyone to programme a tool that will alert them if a slot opens up in given parameters. APIs are intermediaries that essentially allow two software to communicate with each other. For example, Google Pay and PhonePe utilise the United Payments Interface (UPI) API to enable payments.

As a result of the CoWIN APIs being open, any person could build a tool that would interact with the CoWIN platform, and they or anyone using the tool can be notified when slots are opened up. Infact, an Open API titled 'Under45.in' was acquired by HealthifyMe, a health and

wellness platform, integrating both notification and slot booking facility (which uses CoWIN). The launch of the KYC-VS API that can give information about vaccination status without compromising the privacy status of individuals by CoWIN facilitates ease of access for both establishments and individuals in establishing safety during the pandemic, as does the simple verification of status by QR code.

While there have been fears that the CoWIN platform increases the digital divide and that the Open APIs would allow persons with advanced technical knowledge to game the system, such fears are quite unsubstantiated. This can be evinced from the 'Government of Indias affidavit in the Supreme Court, according to which on June 23 2021:

- 19.12 crore or 59% of the 32.22 crore beneficiaries were registered on-site.
- 23.12 crore doses for 78% of the 29.68 crore vaccine doses were administered through on-site or walk-in vaccination.
- 74.45% of the vaccination sites are located in rural areas, and 56.24% of the doses administered were at rural centres.
- The doses per million in tribal districts have been higher than the national average.

